हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
प्रवेश परीक्षा अनुभाग
समरहिल, शिमला–171005

दिनांकः 02–06–2017

प्रेस नोट बीएड प्रवेश परीक्षा–2017 के प्रवेश–पत्रों के बारे।

सभी सम्बन्धित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2017, जो दिनांक 5 जून 2017 (सोमवार) को सुबह के सत्र में प्रदेश में स्थापित किए गए 33 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने जा रही है, जिसके लिए अस्थायी रूप से पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र (Admit Cards) जारी कर दिए गए हैं, जिन्होनें उक्त प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि के भीतर स्वीकार्य फीस के साथ ऑनलाईन आवेदन किया है । उक्त प्रवेश पत्र (Admit Cards) विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hpuniv.nic.in तथा www.admissions.hpushimla.in पर उपलब्ध हैं, जिसे अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर (आई. डी.) एवं पासवर्ड दर्ज करके डाऊनलोड कर सकते हैं। अतः सम्बन्धित अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र प्रवेश परीक्षा से पूर्व समय रहते उक्त वेबसाईट से डाऊनलोड करें और इसे परीक्षा के दिन अपने साथ अवश्य लेकर जायें। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों को बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन आबंटित किया गया है उनको यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय के कैम्पस में स्थित है । इसी प्रकार जिन अभ्यर्थियों को दोणाचार्य बीएड कालेज़ आबंटित किया गया है उनको भी स्पष्ट किया जाता है कि उक्त परीक्षा केन्द्र डाकखाना रैत तहसील शाहपुर जिला काँगड़ा में स्थित है। यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र उक्त बेवसाईट पर उपलब्ध नहीं है, तो वह इस सम्बन्ध में दूरभाष संख्या 0177–2833648 तथा 177–2830891 पर सम्पर्क करें, अन्यथा विश्वविद्यालय इसके लिए उतरदायी नहीं होगा।

(डा. पंकज ललित)
कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठाकंन संख्याः एच.पी.यू.(बी.एड.)ई.टी./2014 दिनांकः 2–6–2017

प्रतिलिपिः

1. जन–सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रैस नोट को अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने के साथ–साथ आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र शिमला इत्यादि से भी प्रसारित करवाने की कृपा करें ।
2. सचिव माननीय कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला ।
3. अधिष्ठाता अध्ययन, हि.प्र.वि. शिमला–5 ।
4. वरिष्ठ निजी सचिव कुलचिव, हि. प्र. वि. शिमला।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, परीक्षां नियन्त्रक, हि. प्र. वि. शिमला ।
6. प्रभारी, वेबसाईट, परीक्षा प्रभाग तथा बी.टैक संगणक केन्द्र हि. प्र. वि. शिमला को इस निर्देश के साथ कि वह उक्त प्रेस नोट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट में अपलोड करें ।
7. सूचनापटट, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।

B.S. Sankhyan 2/6/17
सहायक कुलसचिव (प्रवेश परीक्षा)